## आटिज्म से मिलते जुलते या साथ होने वाले विकार

आटिज्म के अलावा कुछ अवस्था और हैं जिनमें बच्चों का विकास और व्यवहार आटिज्म जैसा ही होता है. इनको जानना और पहचाना जरूरी है जिससे डायग्नोसिस सही हो. कुछ ऐसी अवस्थायें आटिज्म के साथ भी हो सकती हैं.

जब भी किसी बच्चे का आटिज्म का डायग्नोसिस हो तो यह सवाल पूछने चाहियें:

a. "यह क्या वाकई आटिज्म है या कोई और अवस्था या विकार है?"

b. "क्या इस बच्चे को आटिज्म के अलावा कोई और अवस्था या विकार भी है?

यह माना गया हैं की आटिज्म की जांच करते समय नीचे लिखे विकारों और अवस्थाओं की भी जांच होनी चाहिये:

- **विकास की विभिन्न अवस्थायें या विकार जो आटिज्म जैसी दिख सकती हैं:**
  - बोलने समझने में देरी या विकार
  - सीखने समझने में देरी या विकार
  - डिसप्रक्सिया या काम करने के सामंजस्य में कमजोरी या विकार (developmental coordination disorder (DCD)).
- **मानसिक और व्यवहारिक विकास में विभिन्नता या विकार:**
  - ध्यान देने में कमी के साथ अतिसक्रियता (attention deficit hyperactivity disorder (ADHD))
  - मानसिक विकार जैसे depression
  - मानसिक तनाव का विकार (anxiety disorder)
  - बच्चों में लगाव का विकार (attachment disorders)
  - व्यवहार/बर्ताव में विकार (oppositional defiant disorder (ODD))
  - एक ही बात या काम की धुन या खब्त रहने का विकार (obsessive compulsive disorder (OCD))
  - मानसिक सोच का विकार (psychosis).

- **आटिज्म के अलावा विकास की कुछ दशायें जिनमें विकास में घटाव होता है - जैसे की बच्चा पहले सीखे हुए शब्द बोलना बंद कर दे:**
    - रेट्स सिंड्रोम (Rett syndrome)
    - मिर्गी की वजह से मस्तिष्क विकृति (epileptic encephalopathy).
- **अन्य अवस्थायें जो आटिज्म जैसी दिख सकी हैं या उसके साथ भी हो सकती है:**
    - सुनने में बहुत ज्यादा कमी (severe hearing impairment)
    - दिखाई देने में बहुत ज्यादा कमी (severe visual impairment)
    - औरों के दुर्व्यहार व ख़राब देख रेख से पीड़ित बच्चा (maltreatment)
    - घर के बाहर औरों के सामने बोलने में परेशानी (selective mutism).

**आटिज्म और अन्य अवस्थाओं में क्या फ़र्क हें?**

**बोलने समझने के विकार (Language impairment (LI))**

| **बोलने समझने के विकारों और आटिज्म में क्या समानताएं हैं** | **बोलने समझने के विकारों और आटिज्म में क्या विभिन्नता हैं** |
|---|---|
| भाषा के समझने और इस्तेमाल करने में कमी होना | बोलने समझने के विकार वाले बच्चे, अपनी बात समझाने के लिए, हाथ और चेहरे के हाव-भाव का प्रयोग करते हैं. |
| खेलने की क्षमता के विकास में कमी होना | जिन बच्चों को आटिज्म है पर जिनकी बोलने की क्षमता ठीक है वह कुछ विभिन्न तरीके से बोलते हैं और अपनी भाषा का ठीक से प्रयोग नहीं कर पाते. |
| मेलजोल के लिए बातचीत करने की क्षमता में कमी | बोलने समझने के विकारों में भाषा समझने की क्षमता बोल पाने की क्षमता से बेहतर होती है, लेकिन आटिज्म में ठीक इसके विपरीत होता है. |
| और बच्चों से मित्रता करने में मुश्किल | पहले सुनी बातों को दुहराना, एक हे तरह के काम को बार बार करना, गिनी चुनी चीज़ों में ही रुझान लेना आटिज्म में ज्यादा और भाषा के विकारों में कम होता है. |

**सीखने समझने में देरी या विकार (Intellectual disability (ID)/global developmental impairment)**

| सीखने समझने में देरी या विकार और आटिज्म में क्या समानताएं हैं | सीखने समझने में देरी या विकार और आटिज्म में क्या विभिन्नता हैं |
|---|---|
| भाषा की समझ और प्रयोग में कमी | सीखने समझने में देरी या विकार होने वाले बच्चों में औरों से मेल जोल में रूचि होती है |
| खेलने की क्षमता के विकास में कमी होना | सीखने समझने में देरी या विकार होने वाले बच्चे औरों से मेल जोल में पारस्परिकता दिखाते हैं |
| मेलजोल के लिए बातचीत करने की क्षमता में कमी | कुछ संवेदनाओं और कुछ चीज़ों में बहुत ज्यादा रूचि लेना आटिज्म में ज्यादा होता है. |
| और बच्चों से मित्रता करने में मुश्किल | सीखने समझने में देरी या विकार होने वाले बच्चों में औरों से मेल जोल की परेशानी उम्र बढ़ने पर ज्यादा सामने आती है |
| जिन बच्चों को सीखने समझने में देरी या विकार के साथ आटिज्म भी हो वह कुछ ऐसे व्यवहार ज्यादा करते हैं जैसे: औरों से हटकर और अलग रहना, कुछ कामों को एक ही तरह से करना और अपने आप को स्वयं चोट पहुंचाना. | |

**डिसप्रक्सिया या काम करने के सामंजस्य में कमजोरी या विकार (developmental coordination disorder (DCD)/dyspraxia).**

| आटिज्म से समानताएं | आटिज्म से विभिन्नता |
|---|---|
| अपनी निजी जगह के बर्ताव की कम समझ | जिन बच्चों को DCD हो उन्हें औरों से मित्रता और बातचीत करने में रुचि होती है |
| काम करने के तरीके में भद्दापन | जिन बच्चों को DCD हो उनका खेल कल्पनाशील होता है |
| और बच्चों से मित्रता करने में मुश्किल | कुछ संवेदनाओं और चीज़ों में बहुत ज्यादा रूचि लेना आटिज्म में ज्यादा होता है. |
| जिन बच्चों को आटिज्म और DCD दोनों हों उनकी पहली डायग्नोसिस अक्सर DCD होती है | |

**ध्यान देने में कमी के साथ अतिसक्रियता (attention deficit hyperactivity disorder (ADHD))**

| आटिज्म से समानताएं | आटिज्म से विभिन्नता |
|---|---|
| ध्यान देने में कमी, अतिसक्रिय - हर समय भाग दोड़ सी करना, आवेगशील - बेसब्री | आटिज्म में अपने रूचि के काम या विषय में अच्छा ध्यान लगता है |
| बेसब्री से औरों की बातों या काम में दखल देना | ADHD में सामाजिक बातों और नियमों की समझ होती है पर उन्हें मान नहीं पाते |
| खतरों की समझ कम या ना होना | ADHD में आवेग या बेसब्री की वजह से खतरा होता है जबकि आटिज्म में खतरे की समझ कम या नहीं होती |
| और बच्चों से मित्रता करने में मुश्किल | ADHD में औरों से मेल जोल करने में रूचि होती है और पारस्परिक व्यवहार भी कर सकते हैं |
| ADHD और आटिज्म दोनों अक्सर एक साथ भी होते हैं. | |

**मानसिक तनाव का विकार (anxiety disorder)**

| आटिज्म से समानताएं | आटिज्म से विभिन्नता |
|---|---|
| एक ही सवाल को बार बार दोहराना या बार बार आश्वासन चाहना | आटिज्म में एक ही तरह के सवाल, जेसे समय या उम्र के बारे में ज्यादा पूछे जाते हैं और अक्सर उनके जवाब भी एक जैसे ही सुनना चाहते हैं. |
| समाजिक और सामूहिक स्थितियों से बचना | मानसिक तनाव के विकार में मेल जोल से बचना, घबराहट या डर की वजह से होता है. आटिज्म में औरों से जोले में रूचि ही कम होती है. |
| मानसिक तनाव के विकार या परेशानी आटिज्म के साथ भी अक्सर होती है. | |

**घर के बाहर औरों के सामने बोलने में परेशानी - सेलेक्टिव म्युटिस्म (selective mutism)**

| आटिज्म से समानताएं | आटिज्म से विभिन्नता |
|---|---|
| औरों से बात चीत करने में परेशानी | सेलेक्टिव म्युटिस्म में घर पर अच्छी तरह से मेल जोल और बातचीत कर पाते हैं |
| कभी कभी बोलने के विकास में कमजोरी | सेलेक्टिव म्युटिस्म में बच्चे कल्पनाशील तरीके से खेलते हैं |

| | |
|---|---|
| मेल जोले व सामूहिक परिस्थियों में परेशानी | सेलेक्टिव म्युटिस्म में न तो कुछ संवेदनाओं में या और चीज़ों में बहुत ज्यादा रूचि होती है न ही कोई अजीब शारीरिक गतिविधियों होती हैं |

**एक ही बात या काम की धुन या खब्त रहने का विकार obsessive compulsive disorder (OCD)**

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| एक ही तरह के काम करने में रूचि लेना | OCD की शुरुआत अक्सर चार साल की उम्र के बाद होती है |
| | OCD में मेल जोल में रूचि होती है |
| | OCD में बच्चे अपने धुन का काम (जैसे बार बार हाथ धोना) ना कर पाने पर परेशान हो जाते हैं |
| | आटिज्म में एक ही तरह का काम या एक हे तरह से कोई काम करना अक्सर परिवर्तन अच्छा ना लगने की वजह से होता है |
| OCD और आटिज्म एक साथ भी सो सकते हैं | |

**व्यवहार/बर्ताव में खराबी या विकार (oppositional defiant disorder (ODD))**

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| औरों से हमदर्दी ना दिखाना और अपनी गलती पर पछतावा ना करना | व्यवहार/बर्ताव में खराबी या विकार में अपने व्यवहार की समझ होती है पर उसे उचित सिद्ध करने की कोशिष की जाती है |
| और बच्चों से मित्रता करने में मुश्किल | व्यवहार/बर्ताव में खराबी या विकार में व्यवहार बच्चे को प्रेरित करने से बदल सकते हैं |
| | व्यवहार/बर्ताव में खराबी या विकार में बार बार दुहराने वाले व्यहार नहीं होते और बच्चों का सामाजिक विकास भी सामान्य होता है. |

| | |
|---|---|
| | आटिज्म में बच्चों की रूचि उनके व्यहार में होती है, दुसरों पर पड़नेवाले असर से उनका मतलब नहीं होता. |
| जिन बच्चों को आटिज्म होता है उनके भी व्यवहार में परेशानियाँ होती हैं. | |

**बच्चों में अपनों से लगाव का विकार (attachment disorders)**

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| सामाजिक बर्ताव अलग या अजीब तरीके से करना जैसे अनजान लोगों से भी लगाव दिखाना | Attachment Disorder में बच्चे अपने असंतुलित बर्ताव से दूसरों का लगाव पाने कि कोशिश सी करते है; आटिज्म में ऐसा नहीं होता. |
| अपने माता पिता से ठीक से लगाव ना दिखाना | Attachment Disorder में बच्चे कल्पनाशील तरीके से खेलते हैं और किसी चीज में कोई गहरी या अजीब रूचि नहीं रखते |
| Attachment Disorder में बच्चे औरों के दुर्व्यहार व ख़राब देख रेख से पीड़ित होते हैं | |

**रेट्स सिंड्रोम (Rett syndrome)**

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| विकास में घटाव होना - जैसे की बच्चा पहले सीखे हुए शब्द बोलना और दूसरों में रूचि लेना बंद कर दे | रेट्स सिंड्रोम में हाथों से कोई काम करने की, चलने की और संतुलन की क्षमता कम या ख़त्म हो जाती है |
| हाथों की बार बार एक सी ही और अजीब सी गतिविधि | आटिज्म में हाथो की गतिविधि रेट्स सिंड्रोम में दिखने वाली हाथ आपस में रगड़ने की गतिविधि से अलग होती हैं |
| | रेट्स सिंड्रोम में और लोगों में रूचि दिखाई देती है |
| | रेट्स सिंड्रोम में MECP2 जीन की खराबी होती है |
| रेट्स सिंड्रोम के साथ कुछ बच्चों को आटिज्म भी हो सकता है | |

मिर्गी की वजह से मस्तिष्क विकृति Epileptic Encephalopathy (EE)/ Landau Kleffenr Syndrome (LKS)

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| विकास में घटाव होना - जैसे की बच्चा पहले सीखे हुए शब्द बोलना और दूसरों में रूचि लेना बंद कर दे | LKS की शुरुआत दो से सात साल की उम्र में होती है, उससे पहले बच्चे का विकास सामान्य होता है |
| एक तरह के मिर्गी के दोरे Absence seizures में ऐसा लग सकता है जैसे बच्चा और लोगों में रूचि या ध्यान नहीं दे रहा हो | खेलने की क्षमता LKS में अक्सर ठीक होती है |
| | LKS में न तो कुछ संवेदनाओं में या और चीज़ों में बहुत ज्यादा रूचि होती है न ही कोई अजीब शारीरिक गतिविधियों होती हैं |
| | LKS में EEG में विशेष तरह की खराबी होती है |

**दिखाई देने में बहुत ज्यादा कमी (severe visual impairment) (VI)**

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| आँखों से मेल जोले ना बना पाना, दूसरों से मिलकर ध्यान न लगा पाना | VI में दूसरों में रूचि और मिलनसारिता होती है |
| बोलने, खेलने के विकास में देरी | VI में बच्चे दूसरों से अपनी रूचि बांटते हैं और उनकी रूचि में शरीक होते है, वह खेलेंने में भी रूचि लेते हैं |
| कम चीज़ों में रूचि लेना | VI में बच्चे दूसरों से हमदर्दी प्रकट करते हैं |
| बार बार दोहराने वाले व्यहार होते हैं | VI में शारीरिक गतिविधि दुसरे तरह की होती है जैसे आँखों को दबाना या शारीर को डोलना (rocking) |
| आटिज्म और VI एक साथ भी हो सकते हैं | |

**सुनने में बहुत ज्यादा कमी (severe hearing impairment) (HI)**

| **आटिज्म से समानताएं** | **आटिज्म से विभिन्नता** |
|---|---|
| भाषा की समझ और इस्तेमाल में परेशानी | HI में मिलनसारिता की रूचि और क्षमता ठीक होती है |

| | |
|---|---|
| औरों से मेल जोल कम करना और अलग थलग रहना | HI में बच्चे कल्पनाशील तरीके से खेलते हैं |
| | HI में बच्चे हाथ और चेहरे के हाव भाव का प्रयोग करते हैं |
| | HI में ना तो एक सी ही चीज़ों में बहुत ज्यादा रूचि होती है न ही कोई अजीब शारीरिक या और बार बार दुहराने वाली गतिविधियों होती हैं |
| आटिज्म और HI एक साथ भी हो सकते हैं | |

**कुछ विकार या अवस्थायें जो आटिज्म के साथ हो सकती हैं वह कितनी व्यापक हैं?**

| Conditions | Prevalence (%) in children with classical autism | Prevalence (%) in children with ASD | Population prevalence |
|---|---|---|---|
| Intellectual disability | 76 | 65 | 3-14/1000 |
| ADHD | 41 | 45 | 3-5% |
| Anxiety | 62 | 27 | |
| Self-injurious behaviour | 49 | Not known | |
| OCD | 37 | 8 | |
| Depression | 14 | 9 | |
| Seizures | 24 | 15 | |
| Tourette syndrome | Not known | 12 | |
| Cerebral palsy | 5 | 5 | 2/1000 |
| Sleep problems | 37 | 61 | |
| Gastrointestinal problems | 3 | 62 | |
| Vision deficits | 7 | 6 | 2/1000 |
| Hearing deficits | 3 | 8 | 1/1000 |

[i] Autism spectrum disorder in under 19s: recognition, referral and diagnosis. CG 128. NICE: Sept 2011.